भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 1728
दिनांक 15 दिसम्बर 2025

एलपीजी वितरकों के डीलर मार्जिन में वृद्धि

1728 # **श्री नीरज डांगी**:

क्या ***पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार एलपीजी वितरकों के लिए डीलर मार्जिन की समीक्षा करने और उसे बढ़ाने पर विचार कर रही है;

(ख) क्या यह सच है कि पिछले कई वर्षों से बढ़ी हुई परिचालन लागत, वेतन, परिवहन एवं सुरक्षा उपकरणों के खर्चों की तुलना में डीलर मार्जिन अपर्याप्त पाया जा रहा है;

(ग) क्या सरकार ने इस संदर्भ में किसी समिति/कार्यदल का गठन किया है और यदि हाँ, तो उसकी सिफारिशें तथा क्रियान्वयन की वर्तमान स्थिति क्या है; और

(घ) क्या डीलर मार्जिन बढ़ाने के संबंध में कोई समय-सीमा निर्धारित की गई है?

उत्तर
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री सुरेश गोपी)

(क) से (घ) भारत, घरेलू एलपीजी खपत का लगभग 60% आयात करता है। देश में एलपीजी के मूल्य अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसके मूल्यों से जुड़े हुए हैं। सरकार, घरेलू एलपीजी के उपभोक्ता हेतु प्रभावी मूल्यों को घटाती-बढ़ाती रहती है।

दिनांक 01.11.2025 की स्थिति के अनुसार, सार्वजनिक क्षेत्र की ओएमसीज के पास देश के कोने-कोने में सेवाएं प्रदान करने वाले लगभग 25587 एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर हैं। एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर को अपने डिस्ट्रीब्यूटरशिप के प्रचालनों में होने वाले खर्च की भरपाई हेतु तथा अपने व्यवसाय को सुचारू रूप से चलाने के लिए उन्हें उचित लाभ मार्जिन प्रदान करने हेतु डिस्ट्रीब्यूटर कमीशन प्राप्त होता है।

14.2 किलोग्राम और 5 किलोग्राम सिलेंडरों के लिए दिनांक 04.10.2023 से प्रभावी घरेलू एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरों का वर्तमान लागू कमीशन निम्नानुसार है:

विवरण	**रु/14.2 किलोग्राम सिलेंडर**	**रु/5 किलोग्राम सिलेंडर**
स्थापना चार्जेस	39.65	19.82
डिलिवरी चार्जेस	33.43	16.72
कुल	**73.08**	**36.54**

डिस्ट्रीब्यूटर कमीशन का अंतिम पुनर्निर्धारण अक्टूबर 2023 में किया गया था, जिसमें संशोधित डिस्ट्रीब्यूटर कमीशन का निर्धारण करते समय, घरेलू एलपीजी के लिए डिस्ट्रीब्यूटर कमीशन के निर्धारण हेतु एक संशोधित पद्धति की सिफारिश करने के संबंध में एक नए सिरे से अध्ययन करने का निर्णय लिया गया था। डिस्ट्रीब्यूटर कमीशन के संशोधन के लिए कोई समयसीमा निर्धारित नहीं की गई है।

*****